
# मतदाता की बारी के बाद पुलिस व प्रशासन की पारी जारी, कड़ी सुरक्षा पहरे में है ई.वी.एम. मशीनें



जोधपुर में पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर रखी है।

**जोधपुर**, (कासं) । राज्य में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में जोधपुर में हुए मतदान के बाद ईवीएम मशीनें देर रात तक कड़ी सुरक्षा के साथ स्ट्रांग रूम में पहुंची है। अब पुलिस और प्रशासन ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के लिये जुटा हुआ है।

जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव अग्रवाल के निर्देशन में सुरक्षा के लिहाज से पुलिस कमिश्नर राजेंद्र सिंह की देखरेख में की गई है व्यवस्थाएं। पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाये गये स्ट्रांग रूम पर अब बीएसएफ के जवानों का पहरा है। पुलिस के अधिकारी और जवान भी सुरक्षा में लगे है।

सुरक्षा बलों के जाब्ते के साथ सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से अंदर और बाहर पैनी नजर रखी जा रही है। डीसीपी राजेश यादव अपनी टीम के साथ नजर रखें हुए है। संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा इसकी मॉनिटरिंग कर रहे है। 4 जून को ईवीएम के परिणामों पर खोला जाएगा।

## पर्यवेक्षक की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम में रखवाया



ई.वी.एम. व वी.वी.पेट मशीनें पाली के बांगड़ महाविद्यालय के स्ट्रॉग रूम में सील की। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। पाली लोकसभा आम चुनाव 2024 के मतदान सम्पन्न होने के बाद पाली संसदीय क्षेत्र की सभी विधानसभाओं क्षेत्र की ईवीएम व वीवीपेट मशीनों को पाली के बांगड़ महाविद्यालय के स्ट्रॉग रूम में रखवाकर सील कर दिया गया है एवं इनकी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई। कर्मचारी मशीनें अल सुबह तक जमा कराते रहे।

पर्यवेक्षक सामान्य संजय कुमार एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एलएन मंत्री, जिला पुलिस अधीक्षक चुनीलाल जाट, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ राजेश गोयल, उपखण्ड अधिकारी पाली अशोक कुमार बिश्नोई की मौजूदगी में विधानसभा क्षेत्र पाली, सोजत, बाली, सुमेरपुर, मारवाड़ जंक्शन, ओसिया, भोपालगढ़ एवं बिलाड़ा विधानसभा की ईवीएम व वीवीपेट अलग अलग स्ट्रॉग रूम में रखवाकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रॉग रूम को सील कर पुलिस बंदोबश्त में रखवादी गई है। विधानसभा क्षेत्र जैतारण की ईवीएम व वीवीपेट मशीनें कड़ी सुरक्षा व पुलिस बंदोबश्त के साथ राजसमंद भिजवा दी गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एलएन मंत्री ने बताया कि पाली के बांगड़ कॉलेज में पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किए गए है तथा सीसीटीवी कैमरे लगाकर चौकसी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति इस बिल्डिंग में प्रवेश बिना अनुमति के नहीं कर पाएगा। केन्द्रीय पुलिस बल की चौबीसों घंटे कैमरा की निगरानी में ईवीएम व वीवीपेट को रखा गया है। मतगणना 4 जून को होगी।

# स्ट्रांग रूम में हाईटेक कैमरों से मशीनों पर नजर

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। बाड़मेर संसदीय क्षेत्र मे लोकसभा आम चुनाव शान्तिपुर्वक संपादित कर मतदान दलों द्वारा देर रात ईवीएम मशीनों को राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय में जमा करवाया गया। राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय में ईवीएम स्ट्रांग रूम में कड़े पुलिस पहरे में रखी गई है। ईवीएम मशीनों में 11 प्रत्याशियों का भाग्य बंद है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्ट्रांग रूम में हाईटेक कैमरों से हर पल मॉनिटरिंग की जायेगी। उन्होने बताया कि मतगणना 04 जून 2024 को की जायेगी।

## बाड़मेर में 75.93 प्रतिशत मतदान

राजस्थान राज्य में लोकसभा आम चुनाव 2024 के द्वितीय चरण के मतदान में बाड़मेर संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं ने बढ चढकर मतदान करते हुए सर्वाधिक 75.93 प्रतिशत मतदान किया। इस दौरान मतदान केन्द्रों पर लम्बी लम्बी लाइनें देखने को मिली। लोकतन्त्र के इस महा उत्सव को एक त्यौहार के रूप में मनाते हुए मतदाताओ ने निर्भय होकर मतदान किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन ने बताया कि बाड़मेर संसदीय क्षेत्र में शान्तिपुर्वक मतदान हुआ। मतदान दिवस पर 16 लाख 75 हजार 287 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

जिसमें 9,00,829 पुरूष, 7,74,456 महिला एवं 02 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल है। उन्होने बताया कि बाड़मेर संसदीय क्षेत्र में कुल 75.93 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें 76.54 प्रतिशत पुरूषों, 75.24 प्रतिशत महिलाओं एवं 22.22 प्रतिशत ट्रांसजेंडर मतदाताओं ने अपनी सहभागिता निभाई। जिसमें सर्वाधिक मतदान बायतु विधानसभा क्षेत्र में दर्ज किया गया।

उन्होंने बताया कि जैसलमेर विधानसभा क्षेत्र से कुल 2,05,117 मतदाताओं ने मतदान किया जिसमें 1,12,990 पुरूष तथा 92,127 महिला मतदाता शामिल है। शिव विधानसभा क्षेत्र से 1,29,303 पुरूष एवं 1,11,251 महिलाओं समेत कुल 2,40,554 मतदाताओं ने मतदान किया। वहीं बाड़मेर विधानसभा क्षेत्र में 1,14,031 पुरूष, 98,656 महिलाओं एवं 01 ट्रांसजेंडर समेत कुल 2,12,688 मतदाताओं ने मतदान किया। बायतु विधानसभा क्षेत्र में 1,11,688 पुरूष एवं 98,191 महिलाओं सहित कुल 2,09,879 मतदाताओं ने मतदान किया।

इसी प्रकार पचपदरा विधानसभा क्षेत्र में कुल 1,80,323 मतदाताओं ने मतदान किया जिसमें 94,967 पुरूष एवं 85,356 महिला मतदाता शामिल है। सिवाना विधानसभा क्षेत्र मे 93,874 पुरूष एवं 83,228 महिला मतदाताओं समेत कुल 1,77,102 मतदाताओं ने मतदान किया। वहीं गुडामालानी विधानसभा क्षेत्र से कुल 2,12,457 मतदाताओं ने मतदान किया जिसमें 1,14,984 पुरूष एवं 97,473 महिला मतदाता शामिल है। चौहटन विधानसभा क्षेत्र से 1,28,992 पुरूष, 1,08,174 महिला एवं 01 ट्रांसजेंडर मतदाता समेत कुल 2,37,167 मतदाताओं ने मतदान किया।

# ई.वी.एम.-वी.वी.पैट मशीन के लिए सुरक्षा प्रबंध पुख्ता किए

**जालोर**, (कासं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के मतदान सम्पन्न होने के बाद जालोर संसदीय क्षेत्र की सभी विधानसभाओं क्षेत्र की ईवीएम व वीवीपैट मशीनों को जालोर के वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्ट्रॉग रूम में रखवाकर सील कर दिया गया है एवं इनकी कडी सुरक्षा व्यवस्था की गई।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक दीपक सोनी

**■ राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रॉग रूम को सील किया**

व रिटर्निंग अधिकारी पूजा पार्थ, जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवचरण मीना व सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की मौजूदगी में विधानसभा क्षेत्र आहोर, जालोर, भीनमाल, सांचौर, रानीवाड़ा, सिरोही, पिण्डवाड़ा-आबू व रेवदर विधानसभा की ईवीएम व वीवीपैट मशीन स्ट्रॉग रूम में रखवाकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रॉग रूम को सील कर पुलिस बंदोबश्त में रखवाई गई है।

रिटर्निंग अधिकारी पूजा पार्थ ने बताया कि वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालोर में पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किए गए है तथा सीसीटीवी कैमरे लगाकर राउंड द क्लॉक चौकसी की जा रही है।

## पूजा पार्थ ने आभार व्यक्त किया

जालोर रिटर्निंग अधिकारी अधिकारी पूजा पार्थ ने शुक्रवार को लोकसभा आम चुनाव-2024 में शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न होने पर जिले के सभी आम नागरिकों एवं निर्वाचन प्रक्रिया से जुडे सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है । जालोर संसदीय क्षेत्र (18) की रिटर्निंग अधिकारी पूजा पार्थ ने शुक्रवार को शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न होने पर लिए जालोर, सिरोही व सांचौर जिले के सभी आम लोगों, राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, निर्वाचन प्रक्रिया से जुडे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों, मतदान दलों तथा मीडियाकर्मियों द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया में अपनी सफलतापूर्वक सहभागिता निभाने के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने जिले के आहोर, जालोर, भीनमाल, सांचौर, रानीवाड़ा, सिरोही, पिण्डवाड़ा-आबू वरेवदर विधानसभा क्षेत्रों में लोकतंत्र के महापर्व पर स्वीप गतिविधियों के तहत मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले कार्मिकों और मतदाताओं को भी धन्यवाद दिया।

उन्होंने क़ानून-व्यवस्था प्रबंधन के लिए सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस कर्मियों और केंद्रीय बलों के सुरक्षा कर्मियों का भी आभार जताया।



जोधपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गजेंद सिंह शेखावत समर्थकों के साथ व्यस्त रहे।



कांग्रेस प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा लोगों से मुलाकात करते रहे।

## प्रशासन ने मुस्तैदी दिखाई

**सांचोर**, (निसं)। सांचौर जिला कलेक्टर शक्तिसीह राठौड,पुलिस अधीक्षक हरिशंकर शर्मा ने पूरी मुस्तैदी के साथ शांतिपूर्ण मतदान करवाया। शहर के कई केंद्रों पर मतदाताओं की कतारें लग गई और लोग अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। प्रशासन ने प्रत्येक बूथ पर छाया पानी के इंतजाम किए हैं। चुनावी कार्यक्रम घोषित होने के बाद से ही प्रशासन तैयारियों में जुटा था। ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम चलाया गया। वही नए मतदाता और बूथ पर सबसे प्रथम आनेवाला मतदाता को प्रमाण अध्यक्ष पत्र देकर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# पुरूष व महिला एक ही फंदे पर झूले

**बाप**, (निसं)। बाप उपखंड मुख्यालय के नजदीक जेतड़ासर ग्राम पंचायत की भीलो की ढाणी में विवाहित पुरूष व विवाहित महिला ने एक साथ फांसी लगाकर अपनी ईहलीला समाप्त कर दी है। दोनो के 6- 6 बच्चे है।

घटना के समय मृतका का चार वर्षीय बच्चा साथ था। उसके रोने की आवाज सुन लोग मौके पर पहुंचे तथा वंहा का मंजर देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मृतका के भाई की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर जांच शुरू की है।

मुख्य आरक्षी राजेंद्रसिंह ने बताया कि शनिवार सुबह सूचना मिली कि जेतड़ासर में भीलो की ढाणी में स्त्री पुरूष ने फांसी लगा ली है। सूचना पर बाप पुलिस मौके पर पहुंची।

वहां मिले लोगो ने पुलिस को बताया कि सुबह एक बच्चे की आवाज सुन वे तुलछाराम के घर के पास पहुंचे। तुलछाराम का परिवार खेत में रहता है। इसलिए यहां उसका घर सूना ही रहता है।

ऐसे में लोगो ने सोचा कि वह यंहा अपने परिवार के साथ आया होगा। लेकिन जब लोग मौके पर पहुंचे तो तुलछाराम पुत्र पतुराम जाति भील अपने घर के एक कमरे में पंखे के हुक से जमना पत्नी जोधाराम भील निवासी कोलासर (कोलायत, बीकानेर) के साथ फंदे पर झुल रहे थे। रोने वाला बच्चा जमना का बेटा था। संभवत-दोनो रात में यंहा आये होंगे।

पुलिस ने दोनो के शव कब्जे में लेकर बाप स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मार्चरी में रखवा। दोनो के परिवार के लोगो की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवा पुलिस ने दोनो के शव परिजनो को सुपुर्द कर दिए।

**■ दोनो के 6- 6 बच्चे है**

घटना के बाद लोग सकते में, पुलिस हर एंगल से कर रही जांच:- मृतका के भाई रूपाराम पुत्र गोरधनदास भील निवासी भोजो की बाप चक नंबर 1 ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसकी बहन जमना की 17 वर्ष पूर्व जोधाराम निवासी कोलासर (कोलायत) के साथ की थी। जमना के 6 बच्चे है। घटना वक्त जमना के साथ 4 वर्ष का एक बेटा साथ था। इसी रिपोर्ट में रूपाराम ने लिखा कि तुलछाराम की शादी भी आऊ तहसील के मुंझासर गांव में 12-13 वर्ष पूर्व हुई थी। इसके भी 6 बच्चे है। अभी तुलछाराम की पत्नि अपने सभी बच्चो के साथ पीहर मुंझासर गई हुई थी। घटना का समाचार फैलते ही भील समाज के लोग अस्पताल मोर्चरी के आगे जमा हो गए। लोग भी इस तरह की घटना से हैरान व सकते में दिखे। प्रारंभिक जांच मे सामने आया कि दोनो के बीच लंबे समय से नजदीकिया थी। हांलाकि रिपोर्ट में मृतका के भाई ने दोनो के बीच के रिश्ते पर अनभिज्ञता जता दी।

पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।

## प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ

**गुडामालानी**, (निसं)। उपखंड मुख्यालय पर होली के पावन अवसर पर प्री नवोदय छात्रावास एवं कोचिंग संस्थान का वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

छात्रावास के व्यवस्थापक गुरविंदर बिश्नोई ने बताया कि वर्ष 2024 -25 के लिए छात्रावास से परीक्षा में प्रविष्ट कुल 20 छात्रों में से 17 छात्र एनटीए द्वारा आयोजित सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में क्वालीफाई घोषित किए गए हैं ।

छात्रावास स्थापना के बाद पिछले कुछ सालों के दौरान कुल सौ से अधिक छात्र विभिन्न नवोदय विद्यालयों एवं सैनिक स्कूल में चयनित हो चुके हैं ।

# असम के राज्यपाल कटारिया ने नाकोड़ा दर्शन किए



असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारियापार्श्वनाथ भगवान व भैरवदेव के दर्शन किए। फोटो-राष्ट्रदूत

**बालोतरा**, (निसं)। असम के राज्यपाल एवं श्री चम्पालाल बांठिया चेरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक गुलाबचंद कटारिया शुक्रवार देर शाम देव दर्शन को लेकर विश्व विख्यात जैन तीर्थ नाकोड़ा पहुंचे।

श्री चम्पालाल बांठिया चेरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष गणपत बांठिया ने बताया कि असम के राज्यपाल व श्री चम्पालाल बांठिया चेरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक गुलाबचंद कटारिया शुक्रवार को अपनी धर्मपत्नी के साथ तीर्थ नाकोड़ा पहुंचे। उन्होंने पार्श्वनाथ भगवान व भैरवदेव के दर्शन कर पूजा अर्चना की। रात्रि विश्राम नाकोड़ा तीर्थ पर किया। उन्होंने बताया कि शनिवार को आप सवेरे मंदिर में पूजा की।ट्रस्ट द्वारा कटारिया का स्वागत अभिनंदन किया गया। चेरीटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष गणपत बांठिया के नेतृत्व में ट्रस्ट सदस्यों ने कटारिया का माला, शॉल, गुलदस्ता, श्रीफल देकर बहुमान किया।

उन्होंने बताया कि कटारिया को ट्रस्ट सदस्यों ने सेवा कार्यों की जानकारी देकर आगामी कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की। बांठिया ने बताया कि वे शनिवार सवेरे 9.30 बजे नाकोड़ा से रवाना होकर जालोर होते हुए उदयपुर के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान नाकोड़ा ट्रस्ट के गौतम बालड़,गौतम बुरड़, हुलास बाफना सहित ट्रस्टी, मैनेजर सहित कई लोग मौजूद रहे। कटारिया ने जाते समय ब्रह्म धाम तीर्थ पर भगवान ब्रह्ममंदिर में भी पूजा अर्चना कर गादीपति गुरुदेव तुलसाराम महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

## महावीर इंटरनेशनल की कार्यकारिणी गठित

**फालना**, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल फालना मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष वीर शैलेश बोहरा ने सर्वसम्मति से फालना मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। साथ ही नवीन पदाधिकारियों को उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए समस्त सदस्यों द्वारा संस्था को अनेकों क्रियाओं से मजबूती से आगे बढाएं जाने का आव्हान किया। कार्यकारिणी में संरक्षक वीर अनिल अग्रवाल,वीर महिपाल परमार,वीर महेश नाहटा,वीर नरेंद्र सुथार,वीर राकेश अग्रवाल,वीर सुनील चौधरी को संरक्षक बनाया गया। पदाधिकारी में उपाध्यक्ष वीर विकास खाटेड, वीर अमित मेहता,सचिव वीर गिरीश अग्रवाल,कोषाध्यक्ष वीर संजय सिरोया,सह सचिव वीर जगदीश सोनी, वीर गौरव जोशी,सह कोषाध्यक्ष वीर सौरभ जैन को पदाधिकारी बनाया गया। सदस्यों द्वारा बधाई देने में विपिन चौधरी, अंशुमान गोयल,महेश कुमार नाहटा, उमेश शर्मा,राजीव अग्रवाल,अंकित राठौर, राजेश मेहता,हेमंत मूलचंदानी, जुगल दाधीच, सन्नी छाबडा , साहिल जैन, गौरव जैन, संभव जैन, महेंद्र बलदोटा,जितेंद्र श्रीश्रीमाल, मुकेश शर्मा, दीपक भंडारी,मनोज चौधरी, नवीन अग्रवाल,निरंजन वैष्णव,पुनीत खाटेड आदि सदस्यों ने नवीन कार्यकारिणी को बधाई व शुभकामनाएं दी ।

# रेलवे ने दो स्पेशल गाड़ियों का संचालन चुनाव के बाद रद्द किया

**जालोर**, (कासं)। समदड़ी-भीलड़ी रेल खंड पर प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर रेल्वे ने बाड़मेर से साबरमती स्पेशल गाड़ी चलाने का निर्णय लिया था। जो आज दोनो ट्रेनो को रद् कर दिया गया। प्रवासियो ने बताया के यहां के नेताओं ने वोट लेने के लिए गाड़ी चलाने का झूठा वादा किया था। जो आज साबित हो गया। प्रवासियो सहित स्थानीय लोगो में रोष व्याप्त है।

समदड़ी -भीलड़ी रेलखंड पर लम्बी दूरी की गाड़िया चलाने को लेकर प्रवासियों ने रेलमंत्री सहित जालोर व बाडमेर के नेताओं को ज्ञापन देकर गाडिया चलाने की मांग की थी। तथा हाल में लोकसभा चुनाव को लेकर बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा क्षेत्र व जालोर-सिरोही संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशियो ने पिछले दिनों बैगलोर, मुम्बई, चैन्नई सहित विभिन्न क्षेत्रो में प्रवासियो की बैठक आयोजित कर प्रत्याशियो ने अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की थी। तभी प्रवासियो ने अपनी एक ही मांग प्रमुखता से उठाई थी।

प्रवासियो ने प्रत्याशियो सहित कांग्रेस व भाजपा नेताओ के समक्ष समदड़ी-भीलड़ी रेलखंड पर लम्बी दूरी गाड़िया चलाने की मांग थी। जिसपर तुरंत प्रभाव से रेल्वे ने दो साप्ताहिक गाड़ियो का संचालन के लिए घोषणा कर दी। ताकि प्रवासियो को गुस्सा शांत किया जा सके।

लेकिन राजस्थान में 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव होते ही दोनो गाड़ियो को यात्री भार कम बता कर गाडियों को संचालन रद्द कर दिय जाता है। जिससे प्रवासियों सहित यहां के लोगो में निराशा है।

युवा यात्री गाड़ी संघर्ष समिति के अध्यक्ष हीराचंद भंडारी ने बताया कि रेल्वे ने प्रदेश में चुनाव से पहले दो जोड़ी बाड़मेर-साबरमती स्पेशल साप्ताहिक गाड़ी चलाने का निर्णय लिया था। 26 अप्रैल को प्रदेश में चुनाव पुरा होते ही। दो ट्रैनो का यात्री भार कम बता कर गाड़ी का संचालन रद्द करने का निर्णय लिया है जो गलत है। यहां की जनता के साथ कुठाराघात हुआ।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव आजाद सिंह राठौड ने बाडमेर-साबरमती समर स्पेशल ट्रेन को रद्द करने पर केंद्र सरकार पर जनता के साथ छलावा करने का आरोप लगाया है उन्होंने बताया कि ट्रेन सेवा रद्द करना बाडमेर वासियों सहित प्रवासी

**■ प्रवासियों सहित स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है**

राजस्थानियों के साथ सरासर धोखा है। महज एक सप्ताह में स्पेशल ट्रेन की घोषणा करना व उसे रद्द भी कर देना जनता पर कुठाराघात है।

राठौड ने बताया कि चुनावों से महज 8 दिन पहले स्पेशल ट्रेन की घोषणा की जाती है तथा जैसे ही चुनाव सम्पूर्ण होते है तो नोटिफिकेशन निकाला जाता है कि ट्रेन सेवा बंद हो गई है। बाडमेर वासी सरकार की इस जुमलेबाजी से भलीभांति परिचित है। यही कारण है कि ट्रेन रद्द करने वालों को यहां की जनता भी चुनावों में रद्द कर चुकी है। राङ्गौड ने बताया कि स्पेशल ट्रेन की सौगात देकर भाजपा सरकार सिर्फ चुनावी वाहवाही बटोरना चाहती थी यदि वास्तव में जनता से सरोकार होता तो अगले 2 माह तक स्पेशल ट्रेन का संचालन सुचारू रहता। हालाँकि आज जिस तरह से थार का क्षेत्र विश्व पटल पर ना सिर्फ भारत का मान बढा रहा है बल्कि आज केंद्र व राज्य सरकार को राजस्व प्रदान करने में भी अग्रणी राज्य है। उस परिप्रेक्ष्य में तो यह ट्रेन का संचालन स्थायी तौर पर होना चाहिए।

राठौड ने बताया कि रेलवे द्वारा कम यात्री भार का हवाला देकर ट्रेन को रद्द करने का आदेश निकाला है वो भी तार्किक नहीं लगता क्योंकि इतने कम समय में जनता तक स्पेशल ट्रेन की सूचना पहुंचना और अधिक सवारी मिलना संभव नहीं था लेकिन 2 सप्ताह तक संचालन चालू रहता तो अवश्य ही यात्री भार में बढोतरी होती।

यदि कम यात्री भार ही ट्रेन रद्द करने का एकमात्र कारण है तो देश में न जाने कितनी ट्रेनें कम यात्री भार होने के बावजूद भी संचालित है वो भी बंद हो जाती।

उन्होंने बताया कि स्पेशल ट्रेन की घोषणा पर बाडमेर भाजपा के नेता नियमित ट्रेन सेवा शुरू होने जैसा जश्न मनाते है, ट्रेन शुरू होने के नाम से जनता से वोट मांग लेते है लेकिन जब ट्रेन सेवा रद्द की जाती है तो कोई भी जनप्रतिनिधि जनता के लिए आवाज नहीं उठा पाता।

उन्होंने निवर्तमान केंद्र सरकार व रेल मंत्रालय से मांग है कि वर्तमान आदेश को रद्द करते हुए ट्रेन सेवा को केंद्र में नयी सरकार बन जाने तक यथावत रखा जाए।